# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Brochure for International Workshop Released

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 31-08-2022**


# कुलपति ने किया विवरण पुस्तिका का विमोचन

## 10 नवंबर तक चलने वाली कार्यशाला के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ में 14 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार को जारी की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस एक सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए कुलपति ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यशाला के निदेशक व स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। इसके लिए आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. एनी रोगविन, प्रो. फिल हेरिस, प्रो. जस्टिन पॉल, प्रो. मिनास, प्रो. सेलोपात्रा, प्रो. अविरल तिवारी, प्रो. आनंद कुट्टन उन्नीथन जैसे देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान हेतु उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के संयोजक प्रो. रंजन अनेजा व डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो कि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी। कार्यशाला में रिसर्च के लिए विषय का चयन, उपलब्ध साहित्य की समीक्षा, रिसर्च मेथोडोलॉजी आदि विषयों पर चर्चा होगी।



कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 31-08-2022**

# अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का वीसी ने किया विमोचन



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में 14 से 18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जारी की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस एक सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए कुलपति ने आयोजकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी।

कार्यशाला के निदेशक व स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। इसके लिए आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. एनी रोगविन, प्रो. फिल हेरिस, प्रो. जस्टिन पॉल, प्रो. मिनास, प्रो. सेलोपात्रा, प्रो. अविरल तिवारी, प्रो. आनंद कुट्टन उन्नीथन जैसे देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान हेतु उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के संयोजक प्रो. रंजन अनेजा व डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो कि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 31-08-2022**

# अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की पुस्तिका का विमोचन



विवरण पुस्तिका का विमोचन करते हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर मध्य में ● प्रवक्ता

**संस, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आगामी 14 से 18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जारी की। विश्वविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस एक सप्ताह की अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के लिए कुलपति ने आयोजकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के निदेशक व स्कूल आफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। इसके लिए आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. एनी रोगविन, प्रो. फिल हेरिस, प्रो. जस्टिन पाल, प्रो. मिनास, प्रो. सेलोपात्रा, प्रो. अविरल, प्रो. आनंद कुट्टन उन्नीथन जैसे देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान हेतु उपस्थित रहेंगे। संयोजक प्रो. रंजन व डा. अजय ने बताया कि कार्यशाला के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जोकि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी। कार्यशाला में रिसर्च के लिए विषय का चयन, उपलब्ध साहित्य की समीक्षा, रिसर्च मेथोडोलाजी आदि विषयों पर चर्चा होगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 31-08-2022**

# कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का विमोचन

**महेन्द्रगढ़ (निस)** : महेन्द्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आगामी 14 से 18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जारी की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस कार्यशाला के लिए कुलपति ने शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के निदेशक व स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. एनी रोगविन, प्रो. फिल हेरिस, प्रो. जस्टिन पॉल, प्रो. मिनास, प्रो. सेलोपात्रा, प्रो. अविरल तिवारी, प्रो. आनंद कुट्टन उन्नीथन जैसे देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान हेतु उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के संयोजक प्रो. रंजन अनेजा व डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो कि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी।

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 31 August 2022
https://epaper.dainiktribu

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 31-08-2022**

# कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का विमोचन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 14 से 18 नवंबर के बीच होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जारी की। स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस कार्यशाला के लिए कुलपति ने आयोजकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 31-08-2022**

# अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का हुआ विमोचन

महेंद्रगढ़, 30 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आगामी 14 से 18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जारी की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनैस एंड मैनेजमैंट स्टडीज के द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिकेशन पर आधारित इस एक सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए कुलपति ने आयोजकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।



*अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरण पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

कार्यशाला के निदेशक व स्कूल ऑफ बिजनैस एंड मैनेजमैंट स्टडीज के डीन प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा। इसके लिए आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. एनी रोगविन, प्रो. फिल हेरिस, प्रो. जस्टिन पॉल, प्रो. मिनास, प्रो. सेलोपात्रा, प्रो. अविरल तिवारी, प्रो. आनंद कुट्टन उन्नीथन जैसे देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान हेतु उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला के संयोजक प्रो. रंजन अनेजा व डा. अजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है जोकि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी। कार्यशाला में रिसर्च के लिए विषय का चयन, उपलब्ध साहित्य की समीक्षा, रिसर्च मैथोडोलॉजी आदि विषयों पर चर्चा होगी।